आन्दोलन को शान्त रीति से चला रहे हैं, यदि उस का कोई नतीजा नहीं निकलेगा, तो परिस्थिति बड़ी खराब हो जायगी। इसलिए आप लोग यहां से प्रयत्न करें ताकि ऐसा आन्दोलन शुरू न हो और किसानों को जमीन मिल सके।

17.01 hrs.

DISCUSSION RE: REPORTED SALE OF MILITARY MATERIALS BY WEST GERMANY TO PAKISTAN

Mr. Speaker: We will now take up the one hour discussion under rule 193. If hon. Members are brief, we will be able to go round all the parties and a few others also.

Shri Nath Pai (Rajapur): Sir, before you proceed I would like to suggest that though technically the debate is limited to one hour, in view of its paramount importance, the time may be extended. I have already spoken to the Minister of Parliamentary Affairs in the matter. Mr. Speaker, this House does not get enough time to discuss matters of importance. The other House allotted 2½ hours for this. We have been pleading all this session to get a chance to discuss this. Because, this government does not understand the importance of this issue, we want to make an attempt to educate them and, Sir, you should co-operate with us in that effort by extending the time.

Mr. Speaker: Let us, for the present, have one hour discussion. As all of you know, such discussion is always over-flowing. I will give a chance to all parties; one from this side and one from that side and so on.

Shri Ranga (Srikakulam): If you give time that way, Congress members alone will get a major portion of the time.

Mr. Speaker: No, no. I will try to ensure that all parties are given chance. Now, Shri Prakash Vir Shastri.

Shri Amrit Nahata (Barmer): Sir, may I submit.....

Mr. Speaker: Your raising in your seat is not going to help you. I will give you a chance later on.

Shri Amrit Nahata: Sir, this is something more important. This discussion which is being raised under 193 of the Rules . . .

Mr. Speaker: This point ought to have been discussed with me inside my chamber.

Shri Amrit Nahata: Give me a few minutes; I will explain it.

Mr. Speaker: You are taking away the precious time of the House. I will deduct this from your quota of time.

Shri Amrit Nahata: That is not the point.

Mr. Speaker: That is the point.

Shri Amrit Nahata: I am on the question of initiating the debate.

Mr. Speaker: I told you that I will give you a chance.

Shri Amrit Nahata: My point is that Shri Prakash Vir Shastri cannot initiate this debate. It is because rule 193 lays down that any matter of urgent public importance can be raised for a short duration discussion.

Mr. Speaker: I wasted my time in discussing it with you in my Chamber.

Shri Nath Pai: If you have already discussed it with him, why are you allowing it?

Shri Amrit Nahata: All right, Sir; I bow to your judgment.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान का बटवारा भारत और पाकिस्तान के रूप में उस समय के नेताओं की अदूरदर्शिता की नीति का परिणाम था। उन का अपना अनुमान यह था कि शायद रोज-रोज के झगड़े समाप्त हो जायेंगे जो बटवारे के पक्षपाती मुसलमान हैं वे पाकिस्तान चले जायेंगे बाकी जो हिन्दू, मुसलमान और दूसरे लोग हिन्दुस्तान में शान्ति के साथ रहना चाहें वह यहां रह सकेंगे। लेकिन स्थिति उस से उल्टी ही हुई। पहले की अपेक्षा स्थिति और भयंकर होती चली जा रही है। पाकिस्तान जो प्रारम्भ में भारत को सिरदर्द मालूम होता था आज सीने का कांटा बन कर खड़ा हो गया है। कांग्रेस अपनी उस पुरानी ऐतिहासिक भूल का सुधार कर सकेगी, इस संबंध में सन्देह दिखाई देता है, क्योंकि उस के पास आज कोई सरदार पटेल नहीं है। यों भी कांग्रेस भारत के लगभग 60 प्रतिशत भाग से अपना शासन समाप्त कर चुकी है और नहीं कहा जा सकता कि आगे चल कर स्थिति क्या हो? लेकिन जो सब से बड़ा खतरा है वह यह है कि जाते जाते कहीं देश को भी अपने साथ न ले जाये।

श्री जवाहरलाल नेहरू और उस समय के रक्षा मंत्री श्री कृष्ण मेनन बार बार यह कहते रहे कि चीन से भारत को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है, उसी तरह से वर्तमान रक्षा मंत्री तथा विदेश मंत्री हथियारों की इस बिक्री को सामान्य घटना समझ कर उस से मिलती जुलती ही बात बोल रहे हैं। जब कि सीमा पर संघर्ष के बादल धीरे धीरे अपना रंग बदल रहे हैं और नहीं कहा जा सकता कि आगामी शरद ऋतु में वह कौनसा संकट का सन्देश ले कर आ रहे हैं। ऐसे समय में इस घटना को सामान्य समझना स्थिति की उपेक्षा करना होगा। मेरा अपना अनुमान ऐसा है कि सम्भव है चीन इस बार सीधे संघर्ष में न उतरे, लेकिन पाकिस्तान को आगे कर के चीन उसकी कमर पर हाथ रख कर भारत को चोट देने में कोई कसर बाकी नहीं उठा रखेगा। उस का सीधा लक्ष्य है कि पश्चिम में काश्मीर की स्थिति को डगमगाना और पूर्व में पश्चिमी बंगाल की स्थिति को डगमगाकर भारत के पूर्वी भाग को शेष भारत से अलग करना।

जहां तक भारत का संबंध है हमारी असफल विदेश नीति का यह परिणाम है कि नये मित्रों का संग्रह करना तो दूर, हम पुराने मित्रों को भी खोते चले जा रहे हैं। जबकि पाकिस्तान कूटनीतिक क्षेत्र में यहां तक सफल हो चुका है कि अमरीका के अतिरिक्त वह चीन से भी सहयोग प्राप्त कर रहा है और रूस जिसकी मित्रता को खरीदने के लिये हम ने भंयकर से भंयकर संघर्ष मोल लिये आज उस ने भी भारत और पाकिस्तान को एक समान तराजू पर तोलना शुरू कर दिया है। 1965 में पाकिस्तान ने जो कुछ खोया, उस का बहुत बड़ा भाग ताशकन्द से उस ने प्राप्त कर लिया था समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद रही सही कसर वह अमरीका, चीन, ईरान, तुर्की, सऊदी अरब, इन देशों से सैनिक सामग्री प्राप्त कर के पूरी कर चुका है। 1965 में पाकिस्तान जहां था, उस से बहुत अधिक आगे जा चुका है। पाकिस्तान ने विमानों, टैंकों और दूसरे रूप में अपनी तमाम आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है, इतना ही नहीं अणु अस्त्र प्राप्त करने में भी वह भारत से कहीं आगे जा चुका है। पाछे पाकिस्तान की ओर से भारत के विरोध में जो आन्दोलन चला था कि भारत अणु बम का निर्माण कर रहा है, उसका एक मात्र उद्देश्य यह था कि जिन देशों के पास अणु बम है; विशेष कर अमरीका और चीन जैसे देश, वे पाकिस्तान को अणु अस्त्रों से लैस करें ताकि किसी समय पाकिस्तान पर इस ओर से भी खतरा न हो सके। अमरीका पाकिस्तान में गुप्त रूप से जो बाडबेर हवाई अड्डा बना

रहा है, वह पाकिस्तानी हितों की रक्षा के लिये नहीं है, तो और किस के लिये है ?

ऐसी स्थिति में भारत के रक्षा मंत्री केवल दम्भ के साथ यह कह कर देश को सन्तोष देना चाहें कि हम हर तरह से मुकाबला करने के लिये तैयार हैं, कहां तक ठीक है ? ऐसा होता तो मैं समझता हूं कि आज सदन को, मुझको और आपको किसी प्रकार की कोई चिन्ता न होती लेकिन रक्षा मंत्री का वक्तव्य उसी प्रकार का है जैसे बिल्ली को आता हुआ देखकर कबूतर आंख बन्द कर के बैठ गया था और यह समझने लगा कि संकट टल गया। अध्यक्ष महोदय, 1965 में जब पाकिस्तान ने हिन्दुस्तान पर हमला किया था, उसी समय देश के कोने कोने से आवाज उठी थी कि भारत को या तो इस सांप के दांत तोड़ने चाहियें ताकि यह आगे किसी को काट न सके, या उसकी कमर तोड़ी जाय ताकि यह आगे सरक न सके। लेकिन भारत सरकार ने जो भूल 1947 में की थी जब काश्मीर पर पाकिस्तान ने आक्रमण किया था, यानी लड़ाई को आधा बीच में छोड़ दिया। ठीक उसी प्रकार की भूल 1965 में भी हम ने की कि संघर्ष का सामना तो किया लेकिन लड़ाई को बीच में रोक बैठे। जवाब दिया भी पर आधा ही दिया। आज वही चोट खाया हुआ सांप विदेशी हथियारों का सहारा लेकर हमारी सीमाओं पर फिर फुंकार कर खड़ा हो गया है। 1965 में जो पाकिस्तान की शक्ति थी उस से कहीं अधिक शक्तिशाली आज पाकिस्तान हो गया है। इस समय पाकिस्तान के पास, अध्यक्ष महोदय, 10 डिवीजन अपनी स्थल सेना है। उस 10 डिवीजन स्थल सेना में 8 डिवीजन तो इनफैन्टरी हैं। 1 डिवीजन आरमर्ड कोर है जो अमरीकी टैंकों से लैस है और 1 डिवीजन आरमर्ड कोर चीनी टैंकों से लैस है। 10 डिवीजन स्थल सेना पाकिस्तान के पास इस तरह है।

जहां तक हवाई जहाजों का संबंध है पाकिस्तान की 20,000 के लगभग एयरफोर्स की अपनी स्ट्रैंग्थ पहुंच चुकी है। उस में पाकिस्तान के पास लगभग 33 स्क्वैड्रन हवाई जहाजों की शक्ति है जो भारत पर आक्रमण करने के लिए तैयार है। चीन के द्वारा जो हवाई जहाज पाकिस्तान को मिले हैं उस में 130 मिग विमान 17 तथा 19 किस्म के हैं तथा इल्यूजन 28, मीडियम रेंज बाम्बर्स किस्म के भी काफी विमान चीन ने दिये हैं। वह भी पाकिस्तान ने चीन से प्राप्त किये हैं। चीन ने केवल हथियार या हवाई जहाज ही नहीं दिये बल्कि 97 विमान भेदी तोपें जहाजों को गिराने वाली भी पाकिस्तान को दी है। इसी प्रकार से पाकिस्तान ने फ्रांस से खुले बाजार से कुछ हवाई जहाज खरीदे हैं जिनमें एफ-86 जेट विमान भी 90 की संख्या में वहां से पाकिस्तान को मिले हैं। योरुप के खुले बाजार से भी उसने उतने ही लगभग जहाज खरीदे हैं। एक स्क्वाडरन एफ-104 सुपर सोनिक स्टार फाइटर भी पाकिस्तान ने खरीद लिये हैं जबकि कैनाडा से लगभग 90 विमान इस प्रकार के पश्चिम जर्मनी से ईरान होकर कनाडा में बने यह एफ86 विमान पाकिस्तान को मिले।

एक गम्भीर चेतावनी देने वाली बात जो पीछे दिल्ली की एक हिन्दी समाचार समिति, समाचार भारती, ने इस देश को दी थी वह यह कि पाकिस्तान के पास मिराज 3 किस्म के मिग विमान भी हैं। यह विमान वह हैं जिनसे इजरायल ने अभी अरब के ऊपर आक्रमण किया था। इस विमान की गति एक घंटे में 1400 मील की है। यह विमान सुपरसोनिक विमानों की तरह उतरने चढ़ने के लिए अधिक स्थान नहीं लेते। यह विमान 2800 फिट के हवाई अड्डे पर उतर भी सकते हैं और उस से उड़ान भी भर सकते हैं। इस विमान की सब से बड़ी विचित्र बात यह है कि हर मिराज 3 के अन्दर

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

और 530 मिजाइल भी लगी हुई हैं। यह आज पाकिस्तान के पास आ चुके हैं। शायद यही कारण था कि जो एयर मार्शल अर्जुन सिंह ने इस बात को कहा था कि पाकिस्तान की वायु सेना भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बन कर खड़ी हो गयी है। ऐसी स्थिति में इन तमाम चीजों को सामान्य समझ कर छोड़ देना यह हमारे देश के लिए अच्छा नहीं होगा। कैनाडा से और जर्मनी से जो जहाज पाकिस्तान आये और जब सदन में उस पर चिन्ता व्यक्त की गई तो विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान ने अपने जहाज वापिस ले लिये हैं। मरम्मत के लिए वह पाकिस्तान को दिये गये थे। नहीं कहा जा सकता है कि पाकिस्तान हवाई जहाजों की मरम्मत के मामले में इतना एक्सपर्ट कब से हो गया है?

जो हवाई जहाज दिये गये थे यह जहाज अध्यक्ष महोदय, आज भी पाकिस्तान के संरक्षण में हैं। हो सकता है कि यह जहाज पाकिस्तान की धरती पर न हों लेकिन यह जहाज ईरान के जाईदान हवाई अड्डे पर खड़े हैं। जाईदान ईरान और पाकिस्तान के किनारे पर बसा हुआ है और वह पाकिस्तान और ईरान की सीमा को मिलाता है। अब पाकिस्तान से जाईदान को सीधा सम्पर्क करने के हेतु रेलवे लाइन भी लगभग तैयार हो चुकी है। पाकिस्तान और ईरान के राजनयिक सम्बन्धों की घनिष्ठता का यह परिचायक है कि पाकिस्तान ने जाईदान तक के लिये रेलवे लाइन बिछाई है। वहां पर वह सारे जहाज खड़े हुए हैं। इससे आप यह अनुमान लगा सकते हैं क्या वास्तव में यह जहाज ईरान को वापिस हुए हैं? अभी पीछे कुछ दिन पूर्व जब ईरान के शाह पाकिस्तान का दौरा करने के लिए आये तो ईरान के शाह के सम्मान में पाकिस्तान ने कुछ विमानों का प्रदर्शन किया और उनमें उन्हीं सेबरजेट विमानों का प्रदर्शन किया जो पाकिस्तान को कनाडा और पश्चिमी जर्मनी के मार्फत होते हुए ईरान के द्वारा मिले थे। लेकिन अध्यक्ष महोदय, जो विशेष बात मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आश्चर्य यह है कि इन सारी चीजों का रहस्य हम को विदेशी सूत्रों से पहले प्राप्त होता है। पाकिस्तान को भारी मात्रा में पश्चिमी देशों और चीन से जो हथियार मिल रहे हैं उनका पता भी भारत सरकार को विदेशी सैनिक सूत्रों द्वारा ही मिलता है। मैं विदेश मंत्री से जानना चाहता हूं कि इस गरीब देश का करोड़ों रुपया जो इन राजदूतावासों पर खर्च किया जा रहा है यह हमारे राजदूत अमेरिका, जर्मनी और कनाडा में बैठ कर क्या करते रहते हैं? सारी चीजों का पता हमें दूसरों के माध्यम से चलता है। हमें किसी चीज की जानकारी अपने माध्यम से क्यों नहीं हो पाती।

वायु सेना में वृद्धि के अतिरिक्त भी पाकिस्तान ने अपनी स्थल सेना को टैंकों, तोपों और भारी शस्त्रास्त्रों से युक्त बना लिया है। उसने जो प्रगति की है उस का मैं सदन को कुछ विवरण देना चाहूंगा। चीन में बने हुए 250 टी-59 टैंक और 30 टी-34 टैंक आज पाकिस्तान के पास हैं जो कि उसने चीन से लिये हैं। इसी तरह पश्चिम जर्मनी में बने हुए एम-47 किस्म के नए पैटर्न टैंक भी जहां पाकिस्तान ने नकद भुगतान पर लिये हैं वहां उसे उन से एस-47 टैंक भी 600 की संख्या में मिले हैं। अभी हाल में ही फिर पाकिस्तान सरकार एम 47 और एम 48 किस्म के 200 टैंक और खरीदने की कोशिश कर रही है। कुछ नये सौदे भी पाकिस्तान पश्चिमी जर्मनी से कर रहा है। इससे आपको कुछ अनुमान लगेगा कि पाकिस्तान अपनी शक्ति को कितना बढ़ाता हुआ चला जा रहा है।

अमरीका ने पीछे पाकिस्तान को 150 करोड़ डालर से भी ज्यादा की सैनिक मदद दी थी जब कि इसके मुकाबले में भारत को केवल 6 करोड़ डालर की मदद दी थी।

ऐसी स्थिति में अब आप अनुमान लगाइये कि उसे कितनी अधिक सहायता हमारे मुकाबले मिल रही है ? हमारा देश अमेरिका से पूछना चाहता है कि जब तुम जानते हो कि पाकिस्तान पूरी तरह से चीन की गोद में बैठ चुका है, जब तुमको यह पता है कि चीन और पाकिस्तान का गठबन्धन भारत के लिए ही नहीं विश्व की शान्ति के लिये खतरा होता हुआ चला जा रहा है ऐसी स्थिति में अमेरिका पाकिस्तान और भारत को एक तराजू में रख कर तौले व यह हे कि यह जो फ़ालतू पुर्जे हैं या जो सन् 65 में हथियार खराब हो गये थे वह भारत और पाकिस्तान को एक समान रीति नीति के आधार पर दिये जायेंगे यह बात हमारी समझ में नहीं आती । मैं आपके माध्यम से जो बात विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि आज की स्थिति में चीन और अमेरिका दोनों पाकिस्तान को सहयोग दे रहे हैं ।

अध्यक्ष महोदय, पाकिस्तान के तीन मिलिटरी मिशन रूस का भी पिछले वर्ष दौरा करके आये हैं । रूस की सरकार ने पाकिस्तान को यह कहा है कि जिन शर्तों पर हम भारत को हथियार दे रहे हैं उन्हीं शर्तों पर हम पाकिस्तान को भी हथियार देंगे । कूटनीति के क्षेत्र में पाकिस्तान इतना आगे चला गया है कि रूस के मन में भी पाकिस्तान ने अपने लिए एक सौफ्ट कौरनर बना लिया है । सच्चाई तो यह है कि जब से चीन और पाकिस्तान का गठजोड़ हुआ है तब से रूस और पाकिस्तान के सम्बन्धों में कुछ सुधार हुआ है । इस समय दुनियां की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में कम्युनिज्म और कम्युनलिज्म का एक नया समझौता हुआ है । इस समझौते का प्रभाव अगर आपको भारत में देखना हो तो पश्चिमी बंगाल और काश्मीर की घाटी में उस समझौते की छाया देखने को मिलेगी । यह भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए भी एक बहुत गम्भीर चिन्ता की बात है ।

इसके अतिरिक्त पाकिस्तान को दूसरे देशों से खुले बाजारों से सैनिक सामग्री खरीदने के लिए काफी विदेशी मुद्रा भी मिली है । 1965 के भारत पाक संघर्ष के बाद खाली सऊदी अरब ने 10 अरब डालर की विदेशी मुद्रा पाकिस्तान को बिना ब्याज के दी और अब कुछ दिन पूर्व चार सौ करोड़ डालर की और दूसरी विदेशी मुद्रा बतौर ऋण सऊदी अरब ने पाकिस्तान को दिया । चीन ने भी हथियारों की खरीद के लिए 1670 लाख डालर का ऋण पाकिस्तान को दिया और भी कई देशों से जिनमें टर्की, ईराक, जोर्डन और सीरिया आदि देश सम्मिलित हैं उनसे पाकिस्तान को अपेक्षित सहयोग मिला है । अब पाकिस्तान को हथियार खरीदने के लिये टर्की ने क्या दिया, ईराक ने क्या दिया, सीरिया ने क्या दिया और जोर्डन ने क्या दिया मैं उन बातों को कह कर सदन का अधिक समय नष्ट नहीं करना चाहता । लेकिन अध्यक्ष महोदय, जो बात मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि स्थल सेना और वायु सेना के अतिरिक्त नौसेना के क्षेत्र में भी पाकिस्तान ने प्रगति की है । चीन की देख रेख में पूर्वी पाकिस्तान में नौसेना प्रशिक्षण चल रहा है । पूर्वी पाकिस्तान में चटगांव और ढाके में चीनी अधिकारियों की देखरेख में नौसेना को चीनी ढंग पर प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

इसके अलावा जो दूसरी बड़ी चीज है पाकिस्तान के पास वह है अमेरिका से मिली एक गाज़ी नाम की पनडुब्बी जो 1965 से पहले उसके पास थी और जो अमेरिका ने पाकिस्तान को दे रक्खी थी । लेकिन अब पाकिस्तान ने फ्रांस से दो डाफने पनडुब्बी और खरीद ली हैं । इस तरह से पाकिस्तान की नौसेना को नये तरीकों से और नये सिरे से ट्रेंड किया जा रहा है । ऐसी स्थिति

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

में नौसेना के क्षेत्र में भी पाकिस्तान अब आगे बढ़ता चला जा रहा है । अगर मैं इस सारी बात को संक्षिप्त करके कहूं तो यूं कह सकता हूं कि सैनिक सामग्री की दृष्टि से पाकिस्तान आज भारत की सेना की तुलना में 55 प्रतिशत निकट आ चुका है । पाकिस्तान ने सैनिक सामग्री की दृष्टि से अपने को पर्याप्त समर्थ कर दिया है । इसलिये मैं अपने वक्तव्य को उपसंहार की ओर ले जाते हुए दो, तीन बातें विशेष रूप से कहना चाहता हूं । हमें इसका खतरा नहीं कि पाकिस्तान के पास इतने हथियार आ गये हैं या पाकिस्तान हथियारों का गोदाम बन कर खड़ा हो गया है । हमें इससे भी चिन्ता नहीं कि पाकिस्तान एक फौजी छावनी बन कर खड़ा हो गया है । हमें सब से बड़ी चिन्ता इस बात की है कि हम अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं । 1965 के भारत पाकिस्तान संघर्ष में हमारे पास जो शस्त्र थे उसकी तुलना में पाकिस्तान के पास आधुनिकतम शस्त्र थे । पाकिस्तान को दुनिया के उन देशों ने आधुनिकतम हथियार दिये और काफ़ी मात्रा में गोला बारूद भी दिया । लेकिन किसी भी देश ने पाकिस्तान को हिम्मत का पार्सल नहीं भेजा । अगर हथियारों के साथ साथ पाकिस्तान को हिम्मत भी मिल जाती तो शायद पाकिस्तान हथियारों का अच्छा उपयोग कर सकता था । अध्यक्ष महोदय, हमारे पिछले प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारत पाकिस्तान संघर्ष से पहले दिल्ली के लाल किले पर खड़े होकर एक आवाज लगाई थी, कि शान्ति का मुकाबला शान्ति से किया जायेगा, और हथियार का मुकाबला हथियार से किया जायेगा मैं भारत सरकार को यह कहना चाहता हूं कि श्री चागला को याद होगा कि जब पाकिस्तान के संघर्ष के बाद वह यू० एन० ओ० की यात्रा करके आये तो इस सदन में वक्तव्य देते हुए उन्होंने ही यह कहा था कि जब मैं पहले यू० एन० ओ० में कश्मीर के केस को लेकर गया तो मेरी बात को किसी ने ध्यान से नहीं सुना लेकिन जब भारत की विजय के समाचार अमरीकी पत्रों में छपे और इस बार जब मैं कश्मीर के केस को लेकर वहां पर गया तो दुनिया के राष्ट्रों ने मेरी बात को ध्यानपूर्वक सुना । मैं वहां से अनुभव लेकर आया हूं कि आज की दुनिया में जितनी शक्ति की भाषा समझी जाती है उतनी और कोई दूसरी भाषा नहीं समझी जाती है । शान्ति भी शक्ति की छाया में ही सुरक्षित रह सकती है । इस तथ्य को भारत सरकार अपनी आंखों से ओझल न करे और जो देश पाकिस्तान को हथियार दे रहे हैं भारत सरकार उनको स्पष्ट रूप से यह कहे कि हमारे खिलाफ़ हथियार देना हमारे ऊपर युद्ध के लिए पाकिस्तान को उकसायेगा उसे शत्रुतापूर्ण कार्यवाही माना जायेगा । और अगर कोई देश ऐसा करेगा, तो भारत को उसके साथ राजनयिक सम्बन्धों के बारे में फिर से विचार करना पड़ेगा ।

मैं आशा करता हूं कि विदेश मंत्री आज की इस चर्चा को कोई मामूली बहस समझ कर नहीं छोड़ देंगे, बल्कि इसके द्वारा भारत सरकार कुछ गम्भीर निर्णय लेगी ।

श्री अमृत नाहटा (बाड़मेर) : अध्यक्ष महोदय, पाकिस्तान की सामरिक शक्ति में जो बेहद वृद्धि हो रही है उस से इस सदन का और हमारे देश की सारी जनता का चिन्तित होना अत्यन्त स्वाभाविक है। 1965 में जब पाकिस्तान ने हमारे देश पर हमला किया, तो उस वक्त उस के पास पैटन टैंक और सेबर जेट आदि बहुत ही आधुनिकतम हथियार थे । यह सही है कि उस वक्त हम ने उस को पछाड़ा जिस का एक बहुत बड़ा कारण जैसा कि मेरे विद्वान पूर्ववक्ता ने बताया है यह था कि उस के पास हिम्मत नहीं थी । लेकिन उस के अतिरिक्त एक और बात की ओर भी मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं

और वह यह है कि पाकिस्तान के पायलट और आर्मर्ड कोर के सैनिक पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं थे । यह भी एक कारण था कि वे आधुनिकतम हथियारों और औजारों को ठीक तरह से इस्तेमाल नहीं कर सके ।

हाल ही में इसराईल ने अरब देशों पर जो हमला किया हमें उस से सबक लेना होगा । पाकिस्तान ने जो हथियार हमारे देश के विरुद्ध इस्तेमाल किये ठीक वही हथियार इसराईल ने अरब देशों के विरुद्ध इस्तेमाल किये । इसराईल की सफलता का रहस्य यह था कि आधुनिक हथियारों से सज्जित होने के साथ साथ उस के अधिकारी और सैनिक आधुनिक युद्ध-कला में प्रशिक्षित और नई समर-नीति से परिचित थे । हमें ज्यादा चिन्ता इस बात की है कि कहीं पाकिस्तान आधुनिक हथियारों को प्राप्त करके और अपनी सेना को आधुनिक युद्ध की कला में प्रशिक्षित कर के हमारे खिलाफ वही सामरिक तरीके न अख्त्यार करे जो कि इसराईल ने अरब देशों के खिलाफ अख्त्यार किये थे । ईश्वर ऐसा न करे, लेकिन हमें इस सम्भावना को दृष्टि में रख कर सजग और सचेत रहना चाहिए और अपनी सुरक्षा के लिए पुरी तैयारी करनी चाहिए ।

लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इसमें न हिन्दुस्तान की जनता का हित है और न पाकिस्तान की जनता का हित है कि दोनों देशों में युद्ध हो । हमें यह अनुभव है कि थोड़े दिनों की पिछली लड़ाई के बाद हमारी स्थिति कितनी विषम हो गई है । इसी प्रकार यह पाकिस्तान की जनता के हित में भी नहीं है कि उस देश की हिन्दुस्तान के साथ लड़ाई हो । लेकिन हमें समझना चाहिए कि वे कौन सी ताकतें हैं जो पाकिस्तान को हिन्दुस्तान के ख़िलाफ़ इस्तेमाल कर रही हैं । एक तरफ हम को आर्थिक सहायता दी जाती है, लेकिन दूसरी तरफ पाकिस्तान को सामरिक सहायता दे कर हमें मजबूर किया जाता है कि हम भी अपनी सामरिक शक्ति को मजबूत करें और अपना सारा पैसा अपने देश की सुरक्षा में लगा कर अपने आर्थिक विकास को अवरुद्ध कर दें ।

हमारे आर्थिक विकास को रोकने के लिए, हमारी प्रगति में बाधा डालने के लिए और हमारे प्रजातंत्र को खतरे में डालने के लिए एक तरफ चीन षड्यंत्र कर रहा है और दूसरी तरफ अमरीका, वैस्ट जर्मनी, टर्की और ईरान षड्यंत्र कर रहे हैं । यह एक राजनैतिक षड्यंत्र है, एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है जिससे हमें सजग रहना होगा ।

जहां तक पाकिस्तान को दिये जाने वाले हथियारों का सम्बन्ध है, चाइना ने उस को मिग विमान दिये हैं, टैंक दिये हैं और पैसा दिया है । दूसरी तरफ़ अमरीका ने उस को स्पेयर्ज दिये हैं, टैंक, सेबर जेट्स और एफ०-104 दिये हैं । इसी तरह कैनेडा ने भी . . .

Mr. Speaker: I do not know how far that is correct. The figures have been given already by Shri Prakash Vir Shastri.

Shri Amrit Nahata: I am drawing a conclusion different from what Shri Prakash Vir Shastri has drawn.

मेरे विचार से श्री प्रकाशवीर शास्त्री का दृष्टिकोण गलत है । वह अपने साम्प्रदायिक दृष्टिकोण को अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में लागू करना चाहते हैं जबकि हम यह मानते हैं कि जहां एक ओर हमें अपने देश की रक्षा के लिए तैयारी करनी है, वहां हमें यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि हम ताशकंद समझौते के हक़ में हैं । इस सरकार ने ताशकंद समझौते का उल्लंघन नहीं किया है और अगर पाकिस्तान बेशर्मी से ताशंकद समझौते का उल्लंघन कर रहा है तो इस का कारण यह है कि वह कुछ विदेशी ताकतों

[श्री अमृत नाहाटा]

के हाथ में कठपुतली बन कर काम कर रहा है। जो विदेशी ताकतें इसराईल को अरब देशों के खिलाफ़ इस्तेमाल करती हैं वही ताकतें पाकिस्तान को हिन्दुस्तान के खिलाफ इस्तेमाल करती हैं, क्योंकि यह देश एशिया में स्वतंत्रता का, प्रजातंत्र का और प्रगति का प्रतीक है। इस लिए इस देश के लिए कठिनाइयां पैदा करने का जो षड्यंत्र है उस के प्रति हमें सजग हो जाना चाहिए।

हमें यह घोषणा करनी चाहिए कि जो ताकतें इस प्रकार पाकिस्तान को हमारे विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं, वे हमारे देश के प्रति अमित्रतापूर्ण व्यवहार कर रही हैं। इस के साथ ही हमें इसराईल के युद्ध के तरीकों से सबक लेना होगा और उन को ध्यान में रखते हुए अपनी सामरिक और सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत बनाना होगा। इस वक्त हम काम्प्लेसेंट नहीं कर सकते। अगर कच्छ ट्रिब्यूनल का फैसला पाकिस्तान के हक में नहीं होता है, तो बहुत मुमकिन है कि वह गड़बड़ी करे। जब पाकिस्तान ने कच्छ पर हमला किया था, तो उस से कुछ दिन पहले अयूब साहब ने यह वक्तव्य दिया था कि हम हिन्दुस्तान के साथ दोस्ती रखना चाहते हैं। आज भी अयूब साहब ने वैसा ही वक्तव्य दिया है। हमारे लिए यह एक चेतावनी की घंटी है। जब अयूब साहब हिन्दुस्तान के साथ दोस्ती रखने की बात करते हैं, तो हमें समझ लेना चाहिए कि दाल में कुछ काला है और वह दुनिया को धोखे में डालना चाहते हैं। इस लिए यह आवश्यक है कि हमें इस खतरे के प्रति सावधान रह कर अपनी सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत बनाना चाहिए।

धन्यवाद।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, आज हमारे देश के सामने आन्तरिक और बाहरी बहुत से संकट हैं। आन्तरिक संकटों का मुकाबला हम कर सकते हैं, यदि हम बाहरी संकटों का मुकबला करने में समर्थ हों। दुर्भाग्य से आज बाहरी संकट बहुत भयानक रूप धारण करते जा रहे हैं। भारत की सुरक्षा की समस्या अन्य सब समस्याओं से भयानक और गम्भीर होती जा रही है।

पाकिस्तान हमारा शत्रु है और चीन भी हमारा शत्रु है और इन दोनों का गठजोड़ है। हमें इन दोनों देशों को अपना शत्रु मान कर अपनी सुरक्षा का प्रबन्ध करना होगा। किसी देश की सुरक्षा के चार आधार होते हैं : जनबल (मैनपावर), मनोबल (मोराल), औद्योगिक बल (इंडस्ट्रियल पावर) और शस्त्र बल (मिलिटरी पावर)। किसी देश की सुरक्षा के ये चार मूल आधार होते हैं। इन चारों सतूनों पर छत पड़ती है विदेश नीति की, विदेश नीति की सहायता से ही मुल्क की सुरक्षा होती है। इसलिए सुरक्षा और विदेश नीति का गहरा सम्बन्ध माना जाता है।

दुर्भाग्य से हमारी सुरक्षा नीति ग़लत रही है और हमारी विदेश नीति की छत उस पर नहीं है। परिणाम यह है कि यद्यपि हमारा देश पाकिस्तान से तीन गुना बड़ा है और 1947 में उसकी सैनिक शक्ति पाकिस्तान से तीन चार गुना थी, लेकिन इन बीस वर्षों के बाद हालत यह है कि हम अपना सैनिक संतुलन खो चुके हैं। चाहिए तो यह था कि हमारा मिलटरी बैलेंस, हमारा सामरिक संतुलन होता, चीन और पाकिस्तान दोनों की शक्ति को देख कर, लेकिन चीन तो दूर रहा—उस की शक्ति तो बहुत अधिक है—, हम पाकिस्तान के साथ भी अपना बैलेंस आफ़ पावर बना कर नहीं रख सके।

पाकिस्तान की सैनिक शक्ति दिनों-दिन बढ़ती जा रही है और इसी का परिणाम है कि पाकिस्तान हमें आंखें दिखाता है ।

अभी तीन दिन हुए कि सुरक्षा मंत्री ने एक वक्तव्य में बताया था कि हमारे देश की कितनी भूमि दूसरे लोग दबाए बैठे हैं । वह स्टेटमेंट पढ़ने से शर्म आती है । चीन दबाए बैठा है हमारा पद्रंह हजार वर्ग-मील का इलाका । पाकिस्तान काश्मीर में हमारा चालीस हजार वर्ग-मील क्षेत्र दबाए बैठा है । इस के अतरिक्त आसाम, त्रिपुरा, बंगाल और राजस्थान की सीमा पर लगभग सभी सीमाओं पर, पाकिस्तान हमारा इलाका दबाए बैठा है । इतना ही नहीं, उस की आंख और इलाकों पर भी है और उस के लिए वह तैयारी कर रहा है ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने पाकिस्तान की सैनिक तैयारी के सम्बन्ध में अभी कुछ आंकड़े हमारे सामने रखे हैं । वे आंकड़े ठीक हैं, लेकिन वास्तव में स्थिति इस से भी ज्यादा भयानक है । आज पाकिस्तान के पास दो सेनायें हैं : एक वैस्ट्रन आर्मी और दूसरी ईस्ट्रर्न आर्मी । उस की वैस्ट्रन आर्मी पश्चिम से आए हुए हथियारों से सज्जित की गई है और ईस्ट पाकिस्तान में स्थित ईस्ट्रर्न आर्मी मुख्यतः चीन से आए हुए हथियारों से लैस की गई है । आज पाकिस्तान इन दो सेनाओं से हमें दोनों ओर से आंतकित कर रहा है और हमारे लिए खतरे का कारण बना हुआ है ।

इतना ही नहीं, जैसा सुरक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है, उस का सम्बन्ध रूस से सुधर रहे हैं और अब रूस लगभग उन्हीं शर्तों पर उस को हथियार देने को तैयार हो रहा है, जिन शर्तों पर वह हम को हथियार दे रहा है । इस स्थिति में हमें यह देखना होगा कि हम किस प्रकार अपनी रक्षा कर सकते हैं । आज हथियारों के बड़े स्रोत हैं ? हथियार मिलते हैं सहायता के रूप में दोस्तों से । दूसरे आते हैं सैनिक संधियों के द्वारा । आज आप के पास चाहे वे न हों लेकिन कल जब आप की लड़ाई हो तो आप के एलाईज के हथियार आप के काम आ सकते हैं । और तीसरे, ओपेन मार्केट है, खुला बाजार, जिस से खरीद सकते हैं । संसार के अन्दर बहुत बड़ा ओपेन मार्केट है हथियारों का । उसे खरीदने के लिए आप के पास हार्ड करेंसी, डालर और पौंड चाहिएं । पाकिस्तान ने पहले बहुत से हथियार प्राप्त किए अमेरिका से और अब चीन से प्राप्त कर रहा है सहायता के रूप में । पाकिस्तान ने एलाईज बनाए हैं, टर्की और ईरान इनके हथियार भी उस के काम में आने वाले हैं । और फिर पाकिस्तान के पास फारेन एक्सचेंज है । उस ने अपनी आर्थिक हालत अच्छी कर ली है । इसके साथ ही उस को बहुत सा डालर मिला है सउदी अरेबिया इत्यादी और देशों से जिस के द्वारा वह ओपेन मार्केट से भी बहुत कुछ माल खरीद रहा है । यह वह स्थिति है जिस से हमें आखें बन्द नहीं करनी चाहिएं । हमें रोज कहा जाता है कि हम भी तैयारी कर रहे हैं । कर रहे होंगे । मगर हमें आप की बात पर विश्सास नहीं । इस देश की जनता को इस सरकार के आश्वासनों पर विश्वास नहीं क्योंकि गत बीस सालों के उसके अनुभव बड़े कटु हैं । सन् 47 में जब हमारी सैनिक शक्ति पाकिस्तान से चौगुनी थी तब पाकिस्तान ने काश्मीर पर हमला किया । हम उसे रोक सकते थे । लेकिन हम ने अपनी फौजों को रोक दिया । नीति हमारी गलत थी । उस के परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने काश्मीर की 40 हजार वर्गमील जमीन हड़प ली । इस के बाद कच्छ पर हमला किया । कच्छ का मामला अब विचाराधीन है । उस में पोलिटिकल फैसला होगा

[श्री बलराज मधोक]

फैसला होगा और मुझे डर है कि आधा कच्छ हमारे हाथ से निकल जायेगा फिर 65 में उस ने हमला किया । हमारे जवानों ने मुकाबिला किया और कुछ इलाका पाकिस्तान का हम ने लिया । लेकिन हमने वह ताशकंद के एग्रीमेंट के कारण वापिस कर दिया । यह कीमत थी जो रूस को हमें देनी पड़ी । अगर रूस पर हम निर्भर न होते तो यह कीमत न देनी पड़ती । उसके फलस्वरूप हम ने जो कुछ लिया था वह पाकिस्तान को वापस मिल गया । उस के बाद हम तो ताशकंद की शराब पी रहे हैं, हम तो ताशकंद की वोडका पी रहे हैं और पाकिस्तान जंगी तैयारियां कर रहा है । हमारे विदेश मंत्री जो ताशकंद के राग अलापते रहते हैं और पाकिस्तान जंग की तैयारी करने में लगा है और आज उसकी सैनिक शक्ति आगे से बहुत बढ़ गई है । इसलिए यह संभावना बढ़ रही है कि अगले दो तीन महीनों के अन्दर पाकिस्तान फिर गड़बड़ करेगा उस गड़बड़ का मुकाबिला करने के लिए तैयार करना होगा देश को और तैयार करना होगा अपनी सेना को और उसे सुसज्जित करना होगा उन हथियारों से जो कि शत्रु के पास है । हमारी सेना अच्छी है । मगर जब तक उस के पास बेहतर हथियार नहीं होंगे अच्छे हथियार नहीं होंगे तब तक हम अपना रक्षा नहीं कर सकेंगे । हम तीन तरफ घिरे हुए हैं । हमारा पांच हजार मील का फ्रंटियर आज जल रहा है; उसकी रक्षा बिना नवीनतम और पर्याप्त अस्त्रों के नहीं हो सकेगी इस दृष्टि से मैं चार सुझाव देना चाहता हूं । पहली बात यह है कि हमें अपने देश को हथियारों के मामले में आत्म-निर्भर करना होगा । उस के लिए हम कुछ कर तो रहे हैं । लेकिन जितना होना चाहिए उतना नहीं हो रहा है । उसे बहुत तेजी से करना होगा । सर्वोपरि प्राथमिकता देनी होगी देश के अन्दर डिफेंस इंडस्ट्रीज को और डिफेंस प्रोडक्शन को । इस के साथ साथ हमें दुनिया के दूसरे देशों से, भी हथियार लेने होंगे । चाहे जितनी कीमत से लेने पड़ें तो भी उन्हें लेना होगा । उस के लिए पेट पर पट्टी बांधनी पड़े तो पेट पर पट्टी बांध कर भी लें । तीसरे, हमें अपनी विदेश नीति को सुरक्षा नीति के अनुसार ढालना होगा । विदेश नीति और सुरक्षा नीति के बीच सामंजस्य पैदा करना होगा । उनमें तालमेल लाना होगा । हमें ऐसे साथी बनाने होंगे जो आपत्काल में हमारी सहायता कर सकें । और चौथे हमें दुनिया को बताना होगा कि जो पाकिस्तान का साथ देता है वह भारत का शत्रु है । यह सोचना कि दुनिया को पाकिस्तान की जरूरत है हमारी जरूरत नहीं है, गलत है हमारी भी दुनिया को जरूरत है । मगर हम दुनिया से उचित भाषा में बोलना सीखें । हमें स्पष्ट भाषा में सभी मुल्कों से चाहे वह सऊदी अरेबिया हो, चाहे, वह ईरान हो, चाहे वह जोर्डन हो, चाहे वह जर्मनी हो, चाहे अमरिका हो उसे चाहे रूस हो, स्पष्ट रूप से कहना होगा कि जो पाकिस्तान का साथ देगा, जो पाकिस्तान को हथियार देगा वह हमारे साथ शत्रुता करेगा और भारत उसे बर्दाश्त नहीं करेगा । अगर भारत इस भाषा में बोलेगा तो बहुत से मुल्क जो आज पाकिस्तान को हथियार दे रहे हैं वह देने के पहले हजार बार सोचेंगे कि पाकिस्तान को हथियार देकर भारत जैसे बड़े देश के साथ शत्रुता मोल लें या नहीं । इन चार बातों पर अमल कर के ही हम सुरक्षा के बारे में उचित कदम उठा सकेंगे और जनता को आश्वस्त कर पायेंगे ।

Shrimati Sharda Mukerjee (Ratnagiri): There seems to be a considerable amount of agitation today in the House over what?—over the supply of F-84 Sabres, the same F-84 Sabres which the Gnats did pretty well. last Indo-Pakistan war, and against which the Grants did pretty well. West Germany is supposed to have

supplied M-47 and M-48 tanks. As the Foreign Minister told us, to the best of his knowledge and according to information received, none of these/ has happened. It is true that Pakistan gets equipment from America but it is not new. We have known it for a long time that Pakistan has a military pact with America and she is part of the CENTO and SEATO. Suddenly because there is a newspaper report, we get agitated over it. Regarding this atmosphere of tenseness which is sought to be created over possible hostilities in the next few months, I would like to say that nothing is really gained by creating this sort of tension it is rather like a no-peace-no-war basis—like getting all dressed up for going out with no where to go. If there is any trouble on our frontiers, I think the Army and Air Force are equipped to the extent that it is economically possible for this country to equip them against Pakistan. Secondly, I do not think that Russia or America would risk a large scale conflict in this part of the world. I do not mean to say that we should be complacent or that we should not go ahead with equipping our armed forces as they should be equipped. But what is the cost of equipment to the military forces? What is the cost of one tank? The cost of one tank, leave alone the sophisticated ones, would be Rs. 5 lakhs and even if we were to spend the entire revenue of the whole year we cannot equip the army of the size that we are maintaining today. Therefore, we have to have some self-confidence. Even if a contingency should arise where India and Pakistan are in conflict with each other, the conflict would have a limited span and we are confident of facing that limited conflict as we did in the last 1965 hostilities; we did not do badly in that. I know that we do not have the sophisticated equipment that Pakistan had. What is the price for getting that equipment? Are you willing to go into a military pact with America or with Russia? We know that year after year our military missions have been going to America and Russia? What answer have they come back with? How far has your MIG manufacture gone? What about the ban of the sale of spare parts and its repurcussions in your aircraft industry, in your military equipment industry? What has been the effect? Do you not know what happened after the 1965 hostilities? Do you not know what has happened after our stand on the UAR-Israeli hostilities? This is the price we have to pay and the price is too big. Even Jawaharlal Nehru has said on the floor of this House that if we were to go into a military pact, we would not keep the independence of the country. When there is a large scale conflict, then of course we cannot hang on to non-alignment. I do not believe that India can afford to be in a military pact either with Russia or with America. The pressures are just as great from either of these two power blocs. This is the truth of it. It is no use getting agitated over a newspaper report that Pakistan has been supplied with some jets because she had always had them.

There is another matter. There have been considerable negotiations, discussions, with various embassies and with various embassy officials and at the top political level over the supply of equipment to Pakistan. And at every stage, the question comes up that even if Pakistan has tanks, aircraft and other things, what is the stockpile of spares? You cannot run aircraft and tanks without adequate spare parts. And therefore, these are things which are very complicated and complex; it is a complex problem. I do not think that we can afford to create panic in the country over a newspaper item like this.

I think, on the other hand, that it is very necessary that the Government should go ahead more actively with the manufacture of aircraft, because we have the basic potential in the country for finishing the things which we had taken in hand. I would not like to go further into the details of this, but we cannot afford to rest content with just these Gnats.

Shri Nath Pai (Rajapur): Mr. Speaker, Sir I would like to plead with you, to start with, to be a little more indulgent with me today because it is very rarely that this House gets an opportunity of focussing attention on something which is a little far more vital than a newspaper report. Shrimati Sharda Mukerjee said that it was just a newspaper report. I always listen with great attention and respect to whatever she says on matters of our defence, but I am a little disappointed today, when she tried to dismiss this matter as a report published in a newspaper and therefore can be dismissed summarily.

The whole question of the supply of arms to our potential aggressors needs to be imported a new perspective. It needs to be put in its proper place. I am afraid the reaction, the approach of the Government of India to this problem has been an admission, has been a proclamation, of gullibility and naiveto. Its action has been an exercise in futility and self-deception. Somehow, the whole problem has been reduced to the absurd level of sending a very strong note to be followed by a stronger note. And then, Mr. Chagla persuades himself and wants to persuade the country that all that can be done has been done.

Mr. Chagla reminds me of a very dainty and delightful combination of the village schoolmaster and a delayed reincarnation of King Canute. He has the self-righteousness of the village schoolmaster and the self-importance of King Canute. I would like to tell you how dangerous this attitude can be in facing this problem. This is the way you have been reacting. Some arms are being poured, and we think that all our duty is discharged if we send protest notes to the United States and if we get some assurances from Bonne, or, when the occasion presents itself, an assurance from Teheran. How can he deceive himself with regard to these assurances?

I will now quote from his own words. After his triumphant tour of Teheran, Shri Chagla, speaking to the press, said—according to the national press—that the Iranian Government had assured him that it would not give any military aid to Pakistan or supply arms or armaments which might be used against India. Then he added that "We need not be apprehensive that Iran would militarily support Pakistan in the unfortunate eventuality of a conflict." This was a total incapacity to read the mind of the people whom he was calling upon, because in a few days, the Iranian Government contradicted it, and then, speaking in Parliament, Shri Chagla corrected himself by saying that "the Iranian Government told us that they would be obliged to help Pakistan in the event of aggression against her....It would indeed be unfortunate if military support were given to Pakistan against India."

When I see this combination of self-deception and self-righteousness, I am reminded of what Viswamitra said. When sage Viswamitra was eating the leg of a dog, a chandala said, "What is happening to the religion when the Brahmin is eating the meat, and that too of a dog?" And then Vishwamitra said:

पिबन्तेवोदकं गावो मण्डुकैरुपास्ति
न नेधिकारो धर्मेस्ति माभू आत्मप्रशंसकः

When a cow is thirsty, she goes to a pond and disregarding the pathetic protests of the frogs in the pond, goes on drinking all the water her stomach can hold. The sheer impotency of this perpetual posture, the perpetual posture of pathetic protests, has not yet dawned on the Government of India. Mr. Chagla and the Government of India somehow think that this is a problem like the problem of a naughty child, which is playing crackers and with the schoolmaster's atti-

tude, all that we have to do is to proclaim that it is naughty and should not be done, from the lofty heights of South Block, and everything will be all right if only we could do that.

I would like to read him something from the *New York Times* which has emerged as a major critic of some of the unsavoury activities of its own department and which has these revelations for its own countrymen and if the External Affairs Minister would care to listen, for our benefit. The arms supply is not something only diabolical. It has its roots and ramifications in something far deeper. It is directly connected with the long-term strategy of a country. If I may be permitted to say so, these are the imperatives and compulsions of what may be termed the competition to be a super-power—the super-powerism of our age. The United States has been the pioneer supplier of arms but we shall not get anywhere by indulging in this exercise of pathetic and impotent condemnation of what the US does. Why does it do it? Is it likely to stop by condemnation? If that were so, I would join my voice to that of Mr. Chagla. Therefore, I plead your indulgence because this is an aspect which has never been brought to the notice of the House.

This is what the *New York Times* says:

> "From mid-1949 through June of last year, the U.S. sold 16.1 billion dollars in weaponry and gave away an additional 30.2 billion dollars in arms and assorted military equipment. The 46.3 billion dollars total, which does not include private transactions arranged outside of Kuss's office—

I shall have something more to say about what it means presently—

